अध्याय II

लेखापरीक्षा ढाँचा

वर्तमान लेखापरीक्षा 2011-16 तक पांच वर्षों के दौरान परियोजनाओं/उपकरणों, त्वरित परियोजना निष्पादन और ऋणी प्रबंधन के लिए आदेश प्राप्त करने में 'उभरते बाजार में भेल की प्रतिस्पर्धात्मकता' की समीक्षा प्रस्तुत करती है।

2.1 लेखापरीक्षा उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा का उद्देश्य यह निर्धारित करना था कि क्या:

- भेल ने अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता के संवर्धन के लिए बदलते कारोबार परिवेश पर प्रभावपूर्ण तरीके से प्रतिक्रिया दी;
- बोलियां तैयार करने के लिए लागत अनुमान प्रणाली आदेश प्राप्त करने हेतु प्रभावी थी;
- परियोजना आदेशों की योजना, समन्वय, विनिर्माण, आपूर्ति और निष्पादन प्रभावी रूप से समय पर किया गया था;
- परियोजना के निष्पादन के लिए इनपुटों की अधिप्राप्ति दक्ष, मितव्ययी और प्रभावी रूप से की गई थी;
- आदेशों के निष्पादन की निगरानी प्रभावी थी; और
- राजस्व वसूली और ऋणी प्रबंधन के लिए तंत्र दक्ष और प्रभावी था।

2.2 लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र

यह निष्पादन लेखापरीक्षा चार विद्युत क्षेत्र क्षेत्रीय कार्यालय, त्रिची, रानीपेट, हरिद्वार,[6] भोपाल, हैदराबाद, झांसी और बैंगलुरू स्थित आठ विनिर्माण यूनिटों और तीन गैर विनिर्माण यूनिटों अर्थात नोएडा में परियोजना इंजीनियरिंग प्रबंधन (पीईएम), बैंगलुरू में इंडस्ट्रीयल सिस्टम्स ग्रुप (आईएसजी) और हैदराबाद में कारपोरेट आरएण्डडी के कार्यों की समीक्षा कवर करती है। इन यूनिटों की संक्षिप्त रूपरेखा **अनुबंध 2.1** में दी गई है। तीन कारोबार क्षेत्रों के विपणन कार्यों को 2012-13[7] से 2015-16 की अवधि के लिए कवर किया गया है जबकि निष्पादन कार्यों को 2011-12 से 2015-16 तक कवर किया गया है।

2.3 लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली

उद्देश्य, कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली को स्पष्ट करने के लिए, 06 जून 2016 को भेल प्रबंधन के साथ एक एन्ट्री कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। जून से नवम्बर 2016 के लिए क्षेत्रीय लेखापरीक्षा

[6] दो यूनिटें हरिद्वार में स्थित हैं अर्थात हैवी इलैक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट (हीप) तथा सेन्ट्रल फाउंड्री फोर्ज प्लांट (सीएफएफपी)
[7] 2011-12 तक की विपणन क्रियाकलाप 2013 की रिपोर्ट सं. 26 में कवर किए गए

का आयोजन किया गया था और निगम कार्यालय और निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए चयनित भेल की यूनिटों/कार्यालयों में अनुरक्षित रिकार्डों की समीक्षा की गई थी। लेखापरीक्षा के दौरान जारी प्रारंभिक आपत्तियों की प्रतिक्रियाओं पर विचार करने के बाद 02 जनवरी 2017 में भेल प्रबंधन को एक समेकित ड्राफ्ट निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी की गई थी। 20 फरवरी 2017 को प्राप्त ड्राफ्ट रिपोर्ट के उत्तर और 22 फरवरी 2017 को भेल प्रबंधन के साथ आयोजित एग्जिट कान्फ्रेंस में चर्चा के परिणामों को रिपोर्ट में उचित रूप से शामिल किया गया था। तत्पश्चात, मंत्रालय को 10 मार्च 2017 को ड्राफ्ट रिपोर्ट जारी की गई थी। मंत्रालय के साथ एक एग्जिट कांफ्रेंस 14 जून 2017 को आयोजित की गई थी। मंत्रालय द्वारा अपने लिखित उत्तरों और एग्जिट कान्फ्रेंस में व्यक्त दृष्टिकोण पर रिपोर्ट पर अन्तिम रूप देते समय भी विचार किया गया था।

2.4 लेखापरीक्षा मानदण्ड

निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए अपनाए गए लेखापरीक्षा मानदण्ड में निम्नलिखित शामिल है:

- बोली की तैयारी के लिए लागत अनुमान हेतु दिशानिर्देश/मानदंड;
- निदेशक बोर्ड और उसकी उप समितियों की बैठकों की कार्यसूची और कार्यवृत; कार्यकारी निदेशकों की बैठकें, प्रबन्धन समिति बैठकें, यूनिटों की संयंत्र समिति बैठकें इत्यादि की कार्यसूची व कार्यवृत्त;
- नीतिगत योजना 2012-17;
- प्रशासनिक मंत्रालय के साथ किया गया समझौता ज्ञापन (एमओयू);
- अनुसंधान और विकास नीति;
- विद्युत मंत्रालय/भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण/सार्वजनिक उद्यमों की रिपोर्टें;
- बोली दस्तावेज जिनके प्रति बोलियां प्रस्तुत की गई है;
- निर्माण कार्य और क्रय नीतियां और आपूर्तिकर्त्ता मूल्यांकन, अनुमोदन और पुनरीक्षा प्रक्रिया
- ग्राहकों और विक्रेताओ/ठेकेदारों के साथ किए गए समझौतों के नियम और शर्ते;
- उत्पादन योजना और फ्लोर शॉप अनुसूची;
- रोके गए देयों और परियोजनाओं पर दिशा निर्देश;
- राजस्व का संग्रहण और बिलिंग और ऋणी प्रबंधन के लिए नीति/प्रक्रियाएं

2.5 लेखापरीक्षा नमूना

लेखापरीक्षा के लिए नमूना जोखिम आधारित दृष्टिकोण लागू कर चुना गया था। लेखापरीक्षा के लिए चयनित नमूना **तालिका 2.1** में दिया गया है।

तालिका 2.1: निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए चयनित नमूना

विवरण	कुल (सं.)	चयनित नमूना	
		सं.	प्रतिशत
विद्युत क्षेत्र द्वारा प्राप्त परियोजनाएं	43	43	100
अन्तर्राष्ट्रीय ऑपरेशनों द्वारा प्राप्त परियोजनाएं	16	16	100
उद्योग क्षेत्र द्वारा प्राप्त परियोजनाएं	1838	90	5
सभी तीन कारोबार क्षेत्रों द्वारा संस्थापित परियोजनाएं	135	53	39
'ऑन हॉल्ड' परियोजनाएं	31	31	100
कुल*	**2063**	**233**	**11**

* एक से अधिक वर्गों में प्रकट 10 परियोजनाओं सहित

2.6 आभार

लेखापरीक्षा भेल प्रबंधन और भारी उद्योग तथा सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय द्वारा दिए गए सहयोग और सहायता के लिए आभार व्यक्त करता है।